ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252551 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com

---

# जनविकास के प्रति जिम्मेदार होता है सरकारी मीडिया -सी.के.सिंह

## जनसंचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र में सरकारी प्रसार माध्यम और सामाजिक विकास पर विशेष व्याख्यान

समाज के विकास में सरकारी मीडिया का अहम योगदान है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम आदमी तक पहुंचाने के लिए यह मीडिया काम करता है। जनविकास के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए सरकारी प्रसार माध्यम अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हैं। उक्त बातें पत्र सूचना कार्यालय, मुंबई के संयुक्त निदेशक सी. के. सिंह रखी। वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में मीडिया के छात्रों से संवाद कर रहे थे।

विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र की ओर से 'सरकारी प्रसार माध्यम और सामाजिक विकास' विषय पर सिंह का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के निदेशक प्रो. अनिल के. राय अंकित ने की। सिंह ने कहा कि सरकारी प्रसार माध्यम जैसे आकाशवाणी, दूरदर्शन, डीएवीपी, डीएफपी, प्रकाशन विभाग और पत्र सूचना कार्यालय आदि सरकारी योजना और कार्यक्रम को जनमानस तक पहुंचाने का काम करते हैं। विकास की कल्याणकारी योजनाओं को व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने के लिए लोक सूचना अभियान जैसे अभियान पूरे देशभर में चलाएं जा रहे है जिसके माध्यम से लोगों को शिक्षित और जागरूक भी बनाया जा रहा है। अस्सी के दशक में केवल दूरदर्शन ही एकमात्र सरकारी मीडिया था जिसके माध्यम से दूरदराज के लोगों तक सूचनाएं पहुंचायी जाती थी। आकाशवाणी और दूरदर्शन तो सबसे अधिक पहुंच रखने वाले माध्यम स्थापित हुए हैं। पब्लिक ब्राडकास्टर बनाम निजी ब्राडकास्टर की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बाजारू सिध्दांतों के चलते आज के निजी ब्राडकास्टर समाचार को वैसे परोसते जैसे उसकी मांग होती है। कुछ नाटकीकरण और मसाले का मिक्चर प्राइवेट मीडिया में मिलता है, और वह टीआरपी को देखकर अपना काम करता है, वैसा सरकारी मीडिया में नहीं होता। सरकारी मीडिया में रोजगारों के अवसर की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के छात्रों को इन मीडिया में रोजगार पाने के सुनहरें अवसर हैं, काम की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल समय, ललक और सृजनशिलता की है, जिसके द्वारा इन मीडिया में भी उंचे ओहदे पर पहुंचा जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. अनिल के. राय अंकित ने सरकारी मीडिया और प्राइवेट मीडिया की कार्यप्रणाली के अंतर को अधोरेखित किया। इस अवसर पर केंद्र के सहायक प्रोफेसर अख्तर आलम, राजेश लेहकपुरे, संदीप वर्मा, जनसंपर्क अधिकारी बी एस मिरगे सहित शोधार्थी, विद्यार्थी बडी संख्या में उपस्थित थे।

बी. एस. मिरगे(जनसंपर्क अधिकारी)

---

पोष्ट - मानस मंदिर, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post- Manas Mandir, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
Ph./Fax: (07152) 252651 ई-मेल/**E-mail: bsmirgae@gmail.com**, वेबसाईट/**Website:** www.hindivishwa.org